Hindustan Hindi

# कम्युनिटी पुलिसिंग चाहती है कंफेडरेशन

**हमारे संवाददाता**

फरीदाबाद

शहर को सुरक्षित बनाने के लिए आरडब्ल्यूए कंफेडरेशन आगे आई। जुर्म मुक्त शहर बनाने के लिए कंफेड्रेशन ने पुलिस कमिश्नर से शहर की जनता के साथ मिल कम्युनिटी पुलिसिंग प्रणाली लागू करने मांग की है। शहर में बिगड़ती कानून व्यवस्था से परेशान होकर कंफेड्रेशन ने पत्र लिख कर इसकी मांग की है।

पुलिस कमिश्नर को भेजे गए पत्र में आरडब्ल्यूए कंफेड्रेशन ने लिखा है कि पिछले वर्ष 1 अगस्त से शहर में कमिश्नरी व्यवस्था लागू। इससे शहर में जुर्म कम नहीं हुआ। बल्कि पहले से कहीं ज्यादा बढ़ा। चोरी, लूट, दुर्व्यवहार, वाहन चोरी और छीनाझपटी की वारदातें लगातार बढ़ी हैं। इससे शहरवासियों में डर बैठ गया है। लोगों को घर से बाहर निकलने में डर लगता है।

कंफेड्रेशन ने लिखा है कि सरकार को राजस्व देने में फरीदाबाद के लोगों का योगदान है। बावजूद इसके सुरक्षा व्यवस्था चौपट है। लोग घर में ताला लगाकर घूमने बाहर नहीं जा सकते। घर के बाहर खड़े वाहन से सामान गायब हो जाता है। पुलिस की अव्यवस्था से अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं।

उन्होंने इसे सुधारने के लिए कम्युनिटी पुलिसिंग बनाने की मांग की है। कंफेड्रेशन ने पुलिस और जनता की बैठक आयोजित करने की मांग की है। ताकि पुलिस जनता के साथ मिलकर जुर्म को रोक सके। कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत लोगों को जोड़ा जाए। सेक्टरों की पॉकिट सुरक्षा कमेटियों का गठन किया जाए। जो पुलिस के साथ कॉरडिनेट कर आने-जाने वालों पर पैनी नजर रख सकें। घटना होने पर पुलिस का सहयोग कर सकें। कंफेड्रेशन ने पत्र में लिखा है कि इससे अपराधियों के मन में भय पैदा होगा। शहर का कोई भी शख्स तुरंत सूचना देकर उसे पकड़वा सकता है। पुलिस और जनता के बीच सांमजस्य बैठेगा। दोनों एक दूसरे से बात करेंगे। इससे पुलिस की छवि भी लोगों के बीच सुधरेगी।

## इनका कहना है

बुधवार को पुलिस कमिश्नर को पत्र लिख कर कम्युनिटी पुलिसिंग की मांग की गई है। इससे पहले पुलिस के साथ इस व्यवस्था को लेकर कई बार बैठक हो चुकी है। भरोसा दिलाया है कि इस व्यवस्था को लागू कराया जाएगा।

एएस गुलाटी, महासचिव, कंफेड्रेशन ऑफ आरडब्ल्यूए फरीदाबाद

हिन्दुस्तान शनिवार, 21 अगस्त 2010 फरीदाबाद